आप यह देखिए कि 'आस्था' चैनल आता है, 'संस्कार' चैनल आता है, सारी अच्छी चीजें दिखाई जा रही हैं, जिन्हें कितने लोग देख रहे हैं और लोग क्यों नहीं देख रहे हैं? ऐसा नहीं है कि I&B मिनिस्ट्री ऐसे चैनल्स को परमिट नहीं दे रही है। क्यू० टीवी आती है, जिसमें कुरान की, इस्लाम की अच्छी-अच्छी बातें बताई जाती हैं। आस्था चैनल, संस्कार चैनल, साधना चैनल है, जिनमें प्रवचन होते हैं। अच्छी बातें बताई जाती हैं। ये भी तो सूचना प्रसारण मंत्रालय में हैं। टी० वी० चैनल्स का जो बुके है, उसमें वह भी दिखाया जा रहा है। लोग क्यों नहीं देख रहे हैं? उनको देखना चाहिए। अपने बच्चों को भी बिठाकर दिखाइए। 12 बजे रात में कोई क्राइम शो आता है, तो 12 बजे रात तक किसके बच्चे जाग रहे हैं? अगर वे जाग रहे हैं तो उनको नौ बजे सुला क्यों नहीं देते? उनको 6 बजे सुबह स्कूल जाना होता है। अगर आप इस तरह से करेंगे, जितनी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्रीज़ है, उनको आस्था, संस्कार और क्यू टीवी बना देंगे, तो फिर टेलीविजन नहीं चलने वाला है, इन्फोर्टेनमेंट इंडस्ट्री नहीं चलने वाली है। इसलिए किसी भी चीज पर एक्सट्रीम व्यूज मत लीजिए, हरेक का अपना एक कोंबीनेशन होना चाहिए। टेलीविजन पर जो प्रोग्राम आते हैं, उनमें से कुछ बहुत अच्छे प्रोग्राम भी आते हैं। ''हिस्ट्री'' चैनल पर पूरी बायोग्राफी आ रही है। कितने लोग उसे देख रहे हैं? एक से एक साइंस के अच्छे अच्छे प्रोग्राम आ रहे हैं, बहुत अच्छे प्रोग्राम दूरदर्शन पर दिखते हैं। ''भारती'' चैनल जो आता है, वह कितने लोगों के घरों में है? यह चैनल किसी ने भी नहीं लिया, जिसमें सारी चीजें अपने देश की देखने को मिलती हैं, जो अपने देश की संस्कृति, अपना समाज, अपने चरित्र, अपनी कला, सबसे मुत्तलिक है, लेकिन इसे नहीं देख रहे। आपको लगाना ही दस बजे है, वही प्रोग्राम देखना है। आपके ज्ञानवर्द्धन के लिए तमाम प्रोग्राम आते हैं अब तो दो-दो करोड़ रुपए मिल रहे हैं। आप यह ईनाम जीत सकते हैं, अगर आप सवाल का जवाब दे दें। इसमें आपका आई० क्यू० टेस्ट हो रहा है।

उपसभापति महोदय, ऐसी बात नहीं है। कोंबीनेशन जो है, वह बहुत अच्छा है। आज तो बाहर के लोग भी देख रहे हैं और पाकिस्तान में तो सबसे ज्यादा कोई टी०वी० चैनल देखे जाते हैं, तो वे हिंदुस्तान के देखे जाते हैं। वहां सबसे ज्यादा स्टार-प्लस, सोनी टी०वी०, दूसरे सारे एंटरटेनमेंट चैनल पाकिस्तान के लोग देख रहे हैं। हालांकि वे इन्हें रोके हुए हैं कि हमारे यहां इंडिया का कल्चर मिल जाएगा। लेकिन, वे रोक कहां पा रहे हैं? वहां लोग देख ही वही सब रहे हैं, ऑफिशियली खोलें या

न खोलें। इसलिए मैं कह रहा हूं कि ऐसी हाय-तौबा या घबड़ाने की कोई बात नहीं है। जो प्रोग्राम दिखाए जा रहे हैं, उनमें यह बात भी दिखाई जा रही है कि कैसे लोग अच्छी तरह से क्विज के प्रोग्राम देख सकते हैं। अगर उस तरह के फैमिली ड्रामा की बात होती है, अगर उसमें कोई औरत उस तरह की दिखलाई जा रही है, तो वह दिखाया जाता है कि वह वेम्प है, खलनायिका है, उसको कोई हीरोईन की इमेज नहीं दी जाती है। हमारी फिल्मों में तो यह 57 सालों से हम देखते आ रहे हैं। तो ऐसी कोई बात नहीं है।

महोदय, मिनिस्टर साहब ने अपने स्टेटमेंट में ऑलरेडी कहा है कि ये अपलिकिंप गाइडलाइन्स हमने दी हैं, अब डाऊनलिंकिंग पर भी गाइडलाइन्स लागू करने जा रहे हैं कंटेंट के बारे में। ''फैशन'' टी०वी० में गलत दिखाया जाता था, उसको रोकने का प्रयास हुआ है और वह रोक दिया गया है। अगर कोई प्रोग्राम ऐसा है, जिसमें चरित्रहीनता आती है, ऐसे ऑफसीन आते हैं, उनको रोको, वह तो ठीक है और उसमें सारे लोग साथ हैं, लेकिन जो ऐसा माहौल क्रिएट कर रहे हैं कि सारे प्रोग्राम बंद किए जाएं और सभी सौ चैनल को ''आस्था'' चैनल में कन्वर्ट कर दो, ''संस्कार'' चैनल में कन्वर्ट कर दो, ''क्यू'' टी०वी० में कन्वर्ट कर दो, तो ऐसा नहीं चलने वाला। अगर आपको एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री चलानी है, तो ऐसा नहीं चलेगा। ...(व्यवधान)... मैं आपकी बात से सहमत हूं, शाहिद भाई की बात से सहमत हूं कि कोई सेंसरशिप हमें लागू करने की जरूरत नहीं है, इन पर ऐसा कुछ करने की जरूरत नहीं है।

महोदय, जो गाइडलाइन्स बनी हैं अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की, अपलिंकिंग तो आलरेडी बनी हैं, डाऊनलिंकिंग की बनाने जा रहे हैं, मेरे ख्याल से वह बेहतर है। इसमें ज्यादा से ज्यादा कोई ऑटोनोमस रेगुलेटर हो सकता है, इसलिए यह ऑटोनोमस रेगुलेटर बना दिया जाए। मेरे ख्याल से यह बहुत अच्छा रहेगा। कई बार तो हमने देखा है, जैसे न्यूज में क्राइम प्रोग्राम चलता है, उसमें अभी देखिए कि एक आई०जी०, झारखंड को पकड़ा गया है। अगर उसको एक्सपोज़ करना गलत था, तो वह कैसे पकड़ा जाता? वह एक आदिवासी महिला को उसके काम के नाम का फायदा लेकर उसका शोषण कर रहा था। क्या यह सही बात थी? वह तो सही हुआ कि चैनल ने एक्सपोज किया। इस तरह की तमाम चीजें, अच्छे काम भी हो रहे हैं। इनको भी हमें ध्यान में रखना चाहिए और इस तरह का माहौल नहीं बनना चाहिए कि जैसे आसमान गिरा जा रहा है, सब कुछ लुट्य जा रहा है, चरित्र सब खत्म होता जा रहा है। ऐसी कोई बात नहीं है। बहुत से चैनल और इस क्षेत्र में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अच्छे काम भी कर रहे हैं। यह बात भी हमें ध्यान में रखनी चाहिए। बाकी जो रेगुलेटर बनाना है, वह बनाया जाए और जो अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए गाइडलाइन्स लानी हैं, वे लाई जाएं। मुझे यही कहना था, मेरे तीन मिनट पूरे हो गए। धन्यवाद, महोदय।

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, the people of India feel proud of the bhartiya sanskriti, sampada and vikas. But, unfortunately, in most of our TV programmes today, our sanskriti and sampada are being shown in a very wrong way. Take, for instance, one small thing. In our centuries old heritage, the institution of marriage has always been the most sacred

thing. By any chance, if a divorce takes place in a family, not only that family, but the entire society and the village in which that family lives, feel very sad and frustrated. Of course, the social system in Western society is different. They have frequent divorces. But, these days, if we see our own TV serials, we quite often see divorces, or, somebody's wife liking some other man and *vice versa*, followed with triangular relationships, complications, fights, abuses and unpleasant things taking place which have a tremendous impact on the minds of the children, not only on the minds of the children, but also on the minds of adults. Sometimes adults may also get inspiration as to why we should not experience what we see in TV serials. So, this is very, very unfortunate. At the same, it is very easy to criticise, give comments and advice to the Information and Broadcasting Ministry and to our genius and beloved Minister, Mr. Jaipal Reddy. What is the solution, that is important. ... (*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You give solution instead of ... (*Interruptions*)...

DR. T. SUBBARAMI REDDY: I will take only three minutes to explain to everybody. ... (*Interruptions*)... On one side, you have films. Since I am a filmmaker I have got some idea about films. It is being said that in place of films now TV serials are coming up. For films, there is a censoring. Suppose, a film does not give correct message to the minds of the people, they immediately say that it is for adults and children are not allowed. ... (*Interruptions*)... Am I right? But here on TV there is no chance of any such thing. Children may see all the forty channels as if they have got right and nobody can stop them. It is a very difficult issue. Besides, Indian channels, through science and technology, channels from the entire world are shown in India. What is the solution? What are we doing now? First, where there is a will there is a way. How? We have to cultivate the minds of the parents in the society so that they do not allow children to see these useless TV serials. They should control them. This is my first suggestion. As various Ministries are trying to cultivate the minds of the people with a new philosophy or message, which is given for our life, in the same way, the parents, should ensure that children do not go on a wrong track. They should tell them they have to make the society and the country proud. मन में बैठता है, वही सारी ज़िन्दगी रहता है—Therefore, the parents should tell their children that if they see TV serials full of crime, violence and sex, then it will have wrong impact on their minds and they will be on the wrong track. My suggestion to the hon. Minister is about censoring. Even censoring has got criticism. I happened to be a Member of the

Censor Board. They have made good progress. Similarly, here also you must have a strong, concrete, mechanised, scientific and systematic censoring system. ... (*Interruptions*)... The censoring authority must give a certificate to the TV serials and tell them that they cannot show unwarranted, unpleasant and unwanted scenes in serials. Even the story theme should not go extremely beyond social obligations and social sentiments of our Indian system. In addition to this, they should find out some other mechanism to stop satellite system because foreign channels are also being shown in India. Suppose, the Ministry is convinced that so and so foreign channel is showing bad scenes for a maximum number of times, then the Government should give a warning. Lastly, what I am saying is that our Ministry can give warning because having a censoring system for TV serials will take time. There must be some kind of censoring in the Ministry and if they find that some channel is number one is showing bad scenes, they should give warning to it and after that its licence should be cancelled. I agree with the hon. Members on this issue. This is a social obligation. Our Minister, Jaipal Reddyji has to play a very important role and with his dynamism, wisdom and capacity, he will be solving this problem. Thank you.

**श्री शत्रुघ्न सिन्हा** (बिहार): आदरणीय डिप्टी चेयरमेन साहब, मैं इस टॉपिक पर बहुत देर से सुन रहा हूं, मैं बहुत बोलना इसलिए भी चाह रहा था कि मैं इसके लिए बहुत ज्यादा प्रिपेयर्ड होकर नहीं आया था। लेकिन यहां कुछ मॉरल पॉलिसिंग की बात चल रही है और टेक्नलॉजिकल एडवांसमेंट को जो आज टेक्नोलॉजी के मामले में इजाफा हुआ है, यहां पर उसको कहीं curb करने की बात चल रही है और साथ ही साथ फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशंस, जिसकी हम दुहाई देते हैं उस पर भी कहीं अंकुश लगाने की बात हो रही है। कुछ हद तक अंकुश लगना चाहिए, मैं यह मानता हूं। जैसे कि किसी भी टेलीविजन चैनल का या टेलीविजन का मुख्य उद्देश्य होता है, सर, information, education and entertainment, की बात ज्यादा हुई है जो एंटरटेंमेंट हो रहा है, इंफार्मेशन और एजुकेशन के नाम पर, जहां एजुकेशन हो रहा है शायद उसको कम लोग देख रहे हों, जहां इंफार्मेशन न्यूज चैनल हैं उन पर भी कुछ अंकुश लगाने की बात आ सकती है इसलिए कि अलग-अलग लोगों के परसनल चैनल भी आ गए हैं, अलग-अलग पार्टीज की, अलग-अलग व्यक्ति विशेष की और वे किस तरह से उसका इस्तेमाल कर रहे हैं, मिस-यूज कर रहे हैं, प्रहार करते हैं अलग-अलग पार्टीज पर, अलग-अलग व्यक्तियों पर, पर्सनैल्टीज पर, यह भी हो रहा है। लेकिन जब कोई डिबेट होती है, कोई चर्चा होती है, डिप्टी चेयरमेन सर, तो सिर्फ ब्लैक एंड व्हाइट की बात नहीं होनी चाहिए, बीच में एक ग्रे साईड भी होता है। आज जितने हमारे दोस्तों ने बात की है, हमारे

मित्र आनन्द शर्मा ने इतनी अच्छी बातें की, कुमकुम जी ने कहा कि यह जो अघोरियों का दिखलाते हैं, जो कब्रिस्तान में जाते हैं, शमशान घाट में जाते हैं और डैड बॉडीज को खाते हुए दिखाते हैं, मैंने कभी नहीं देखा है। मैंने नहीं देखा, लेकिन सुना है और कुमकुम जी ने कहा है तो बात गलत नहीं कह रही हैं, सही बात है। लेकिन जैसाकि हमारे दोस्त राजीव शुक्ला जी ने कहा कि बहुत सारे चैनल्स हैं, फ्लिप यानि कि रिमोट आपके हाथ में है, आप उसको देख सकते हैं, आप उस पर कंट्रोल कर सकते हैं। लेकिन आज यह कहना कि टेलीविजन चैनल के जरिए इतनी बुराइयां आ रही हैं इंफार्मेशन और खासकर एंटरटेनमेंट के नाम पर कि पत्नियां बदली जा रही हैं, हर एपिसोड में दिखाया जा रही है कि नई शादियां हो रही हैं। नई शादी उनकी हो रही हैं, हमें क्यों तकलीफ हो रही है, होती है तो होने दीजिए। समाज में जो आज हो रहा है शायद उसी का दर्पण बनकर आज टेलीविजन चैनल सामने आ रहा है, जैसी मीडिया सामने आती है। ऐसा तो नहीं है कि यह समाज में नहीं हो रहा है। हम इसकी सराहना नहीं करते हैं, हम इसे पंसद नहीं करते हैं, हम नहीं दूसरी शादी करते, खैर मेरी तो हो भी नहीं सकती है। लेकिन जो लोग कर रहे हैं या जिनके साथ यह गुजरी है, यह जरूरी नहीं कि जिनकी अलग शादी होती है, दूसरी शादी होती है, वे सब गलत ही हों। उसमें कई लोग सही भी हो सकते हैं, सिचुएशन गलत हो सकती है। अगर उस चीज को पेश किया जा रहा है तो इसका मतलब यह नहीं कि टेलीविजन ही बंद कर दें। कहा जा रहा है कि सारी बुराइयों की जड़ टेलीविजन में और चैनल्स में है। सारी बुराइयों की जड़ यह हिंसा, यह वलगैरिटी, यह मॉरनिडिटी, ये सारी चीजें अगर टेलीविजन चैनल फैला रहे हैं, तो मैं पूछना चाहूंगा अपने तमाम दोस्तों से, पार्लियामेंट के तमाम वरिष्ठ सदस्यों से कि जितनी अच्छाइयां हो रही हैं, वे कहां से आ रही हैं, क्या पार्लियामेंट दे रहा है, क्या कोई असेम्बली दे रही है? हम लोग अच्छे रोल मॉडल हैं क्या? हम लोग आज जो हैं, सोसाइटी में हमारे बारे में जाकर बाहर पूछें कि लोग क्या बात करते हैं। क्या कोई हमारा अनुकरण या कोई हमारा अनुसरण करना चाह रहा हैं? We are not role models. लेकिन हम यहां बैठकर मॉरल पालिसिंग की बात कर रहे हैं, हम अपने आपको अच्छा रोल मॉडल पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, क्यों? किस टेलीविजन चैनल पर दिखाया जाता है कि हमारा हीरो दहेज लेता है, किस टेलीविजन चैनल पर दिखाते हैं कि हमारा हीरो बाप पर इल्जाम लगा रहा है या मां की बेइज्जती कर रहा है, किस टेलीविजन चैनल पर इस तरह के हमारे संस्कार और संस्कृति पर प्रहार देखा है? हमारी फिल्मों में दिखाया जाता है कि हमारा हीरो जो पुलिस ऑफिसर है बहुत ईमानदार होता है, एक पैसा नहीं लेता है, हफ्ता नहीं लेता है। जो कि समाज में बहुत जगह ऐसा नहीं हो रहा है, वह भी दिखा रहा है हमारा चैनल। हमारा वह साइड दिखा रहा है जिस साइड को लेकर हम नाज करते हैं, जिसे हम संस्कृति कहते हैं, संस्कार कहते हैं, ईमानदारी कहते हैं, चरित्र कहते हैं, वह भी सामने आ रहा है। लेकिन कभी-कभी ऊंचाई को दिखाने के लिए गहराई को भी दिखलाना जरूरी है। अगर आप बताना चाहते हैं कि सिगरेट पीना हानिकारक है तो आप रातों-रात सिगरेट को बैन नहीं करते हैं टेलीविजन पर। एंटी-टोबेको का प्रचार मैं भी करता हूं। मैं जानता हूं टोबेको जीवन के

लिए बहुत हानिकारक है। मगर इसका सोल्यूशन यह नहीं है कि रातों-रात आप टेलीविजन पर बंद कर देंगे। अगर सिगरेट का बुरा असर दिखाना है या बीड़ी का, तम्बाकू का बुरा असर दिखाना है तो वह भी पहले किसी को खाते हुए, किसी को झेलते हुए दिखाना पड़ेगा तब आप कह सकेंगे तथा तब आपकी बात में जोर होगा कि तम्बाकू बुरी चीज है, सिगरेट, बीड़ी बुरी चीज है।

सिर्फ बैन करने से कुछ नहीं होगा, इसे जोश में नहीं, होश में देखना होगा। अगर कुछ बातें हमारे टेलीविजन चैनल्स पर आती हैं, आप कैसे इसको रोकेंगे? आज करीब 100 चैनल्स हो गये हैं, दिनों-दिन ये बढ़ते जा रहे हैं। आप मोबाइल टेलीफोन को बढ़ने से रोक नहीं सकते हैं। आप टेलीविजन की उड़ान को रोक नहीं सकते हैं। हां, जहां एंटरटेनमेंट के नाम पर या ऐजुकेशन के नाम पर, खास कर इन्फारमेशन के नाम पर, जहां पार्टिजन रोल हो रहा हैं, जहां पर इसको बढ़ावा देने की किसी व्यक्ति विशेष द्वारा शिकायत की गई है या जहां गलत बातों का प्रचार-प्रसार हो रहा है, इनके ऊपर जरूर कहीं तालमेल करते हुए अंकुश लगना चाहिए, यह मैं मानता हूं। लेकिन बाय एंड लार्ज यह कहना, ...(**समय की घंटी**)... सर, आपने घंटी बजा दी। सर, मैं घंटी बजने से पहले ही समाप्त करना चाह रहा था। मैंने कहा था कि मैंने पूरी तैयारी नहीं की है, इसलिए मैं संक्षेप में ही कुछ बातें रखना चाह रहा था। Mr. Jaipal Reddy is a capable Minister. मैं इनसे चाहूंगा कि इस पर और विस्तृत चर्चा करें। इसमें इंटलेक्चुअल्स को इन्वाल्व करें, टीचर्स, स्टूडेंट्स को इन्वाल्व करें, एनजीओज को इन्वाल्व करें, साइकोलोजिस्ट को इन्वाल्व करें, सोसायटी के प्रभावशाली लोगों को इन्वाल्व करें। आप ऐसे लोगों को इन्वाल्व करके एक विस्तृत चर्चा करें और उसके बाद निष्कर्ष निकालकर ही कोई फैसला करें। साथ ही साथ, मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि जोश में टेक्नॉलाजी की उड़ान पर, चैनल्स की उड़ान पर इस तरह से अंकुश न लगायें, इन पर प्रहार न करें, बल्कि सोच-समझकर, विचार-विमर्श करके, लोगों की भरपूर राय लेकर इसको करें, सिर्फ यहां बैठकर हम मॉरल पॉलिसिंग न करें। दुनियाभर में सेंसरशिप को खत्म करने की बात हो रही है। लड़के टेलीविजन देखकर खराब हो रहे हैं, तो बहुत सारे लड़के अच्छे भी हो रहे हैं, उन्हें उससे बहुत ज्ञान भी मिल रहा है। अगर लड़कों का टेलीविजन देखना बंद कर देंगे, तो उसका उन पर साइकोलोजिकल इम्पैक्ट होगा। वह लोग पनिशमेंट महसूस करते हैं, उनका फिर पढ़ने में भी मन नहीं लगता है। ऐसी बहुत सारी बातें हैं। जिनको देखकर डर लगता है, कुछ चैनल्स ऐसे हैं जहां रात के वक्त ऐसे प्रोग्राम दिखाये जाते हैं, जब लोग सोये होते हैं, और कुछ लोगों को सोते-सोते डरावने सीन सपने में आते हैं, मोस्ट वांटेड वगैरह में कोई हर्ज नहीं है, मोस्ट वांटेड लोगों में अवेकनिंग कर रहा है, मोस्ट वांटिड अगर क्रिमिनल्स के बारे में बता रहा है, उनको पकड़वाने में मदद कर रहा है, तो यह चैनल्स सोशल रेस्पांसेबिलिटी भी निभा रहा है। लेकिन अगर कुछ ऐसे कार्यक्रम होते हैं जिनसे हमारे दोस्त सुब्बारामी रेड्डी जी को या उनके दोस्तों को डर लगता है देखने के बाद, रात में सोते वक्त, तो उनके टाइमिंग बदल सकते हैं, वह आपके ऊपर है, उसको आप विचार-विमर्श करके कर सकते हैं। मैं अपनी बात खत्म करने के पहले आनरेबल मिनिस्टर साहब

से यह गुजारिश करना चाहूंगा कि आप इस बात को देखें कि फॉरेन चैनल्स की टेक्सेसन और हमारे जो हिन्दी और हिन्दुस्तानी चैनल्स हैं, उनमें इतना फर्क क्यों है? यह डिसक्रिमिनेशन क्यों है? इतना फर्क क्यों है? यह कह रहे हैं कि दस गुणा का फर्क क्यों है? ...(**व्यवधान**)...

**विपक्ष के नेता (श्री जसवन्त सिंह):** जिन्हें डर लगता है, वे प्रोग्राम्स न देखें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शत्रुघ्न सिन्हा:** जिन्हें डर लगता है, वे प्रोग्राम्स को न देखें, वे टेलीविजन बंद करके सो जायें। आदरणीय जसवन्त सिंह जी ने जो कहा है, वह सही है। सर, इस पर गौर करें और इसका टेक्सेसन देखें, इसके टाइमिंग को देखें, लेकिन इसके सेंसरशिप पर न आयें, प्लीज न आयें। मैं मिनिस्टर साहब से गुजारिश करूंगा कि सेंसरशिप इसका साल्युशन नहीं है और भी इसके तरीके हैं। उपसभापति महोदय, आपका धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)...

**डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी:** सारा प्रस्ताव एक तरफ और शत्रुघ्न सिन्हा जी एक तरफ, ऐसा क्यों हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I wish to take only one minute. It is important for the understanding of the hon. Member, Shri Shatrughan Sinha, who is a dear friend of mine, कोई सेंसरशिप की बात नहीं की है। यह रूल्स और रेगुलेशन की बात थी। दूसरी चीज यह है कि जो बात उठी और आपने उठाई, यह वाजिब है कि इस पर सबसे चर्चा हो। जो यूरेस्को की रिपोर्ट है, वह वर्ल्ड रिपोर्ट है, उसमें साइकोलोजिस्ट से, एनजीओज से, मीडिया से, सबसे बात करके बनी है और जो विमहेंस की रिपोर्ट आ रही है, उसमें भी साइकोलोजिस्ट हैं, मीडिया के एक्सपर्ट्स हैं, एजुकेशनिस्ट हैं, सबको शामिल करके यह रिपोर्ट बनाई गई है, जिसको मैंने कोट किया है। ...(**समय की घंटी**)... यह रिपोर्ट हवा में नहीं बनी, पूरी ग्लोबल एक्सरसाइज के बाद बनी है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शत्रुघ्न सिन्हा:** सर, हमारे मित्र ने बहुत अच्छी बात कही है और मैं उनकी बहुत कद्र करता हूं उन्होंने यूनेस्को की रिपोर्ट की बात कही है। उपसभापति महोदय, किसी ने डायरेक्ट सेंसरशिप की बात नहीं कही है। लेकिन बहुत सारी बातों से यही आभास हो रहा है कि कहीं न कहीं सेंसरशिप की बात हो रही है, अंकुश लगाने की बात हो रही है, रोकने की बात हो रही है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शाहिद सिद्दिकी:** सेल्फ असेसमेंट हो सकता है।...(**व्यवधान**)...

**श्री शत्रुघ्न सिन्हा:** यह हो सकता है। जहां तक यूनेस्को की बात है। सर, मैं चाहूंगा कि उसके अलावा एक रिपोर्ट और हो, जिसमें झारखंड भी हो, छत्तीसगढ़ भी हो, घोघरडोहा भी हो, दरभंगा भी हो, नौबतपुर भी हो, चाकन भी हो, बेला भी हो और आपके हिंगणे, दापोड़ी और पुणे भी हो, और

सारे ऐसे लोगों को मिलाकर, तमाम लोगों को मिलाकर ऐसी रिपोर्ट बने और उसके बाद फैसला करें। धन्यवाद।

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY (West Bengal): Sir, the effect of television and media on the young people is a very well known cause of concern. It is increasing in our society, as it is, indeed, increasing throughout the world. Various hon. Members have pointed out that our media does not show the Indian culture; it shows happenings which are contrary to the Indian culture. I join issue with them. You take a serial, like, Mahabharata. There can be nothing more Indian than that. It shows everything, we are talking about in a modern serial, from *Draupadi cheer haran* to all these things. So, I think, it is no point in being pretentious and saying that the Indian culture is being disturbed. The Indian culture has elements of all these things.

All of us are perturbed because those of us, who have young children, and people, like me, who have grandchildren, want to control what our children have to see. In other countries, I have seen — I have not seen in our country — that there is a channel lock system. If you have a channel lock facility you can lock certain channels which you don't want your children to see. I don't know whether we can do it. I don't know whether this facility exists in our country. If the facility exists, then, I think, all of us, who do not wish our young children to see the violence and other objectionable things, should just put a channel lock on it. Take for example, during the days of tension with our neighbour, with whom now we are having friendship talks, the PTV was locked. And, if it is a form of censorship, I agree, people have expressed concern about censorship. But if you feel that there are certain foreign channels, which come through the DTH, surely, they can be blocked out. I think, self-control is not going to happen, as Mr. Rajeev Shukla made a very pertinent point, there are any number of good channels, like, the National Geographic, the Animal World, and a lot many, but no one sees them, not even children. So, I think, the responsibility of ensuring that unsuitable material is not seen by young children, rests directly on parents, or, the guardians in that house. And, the device to do this, I think, is 'channel lock'. That's number one. Secondly, if you feel that foreign channels which are really damaging and degrading your social values and moral values, I am sure, they can be blocked out.

Now, the question of self-control and self-censorship, I am afraid, does not apply to our media. There are a lot of talks about self-censorship, self-control and self-regulation. I am afraid, unless there is a media council, which has teeth-like, the Press Council of India does not have any teeth; of course, we are talking about visual media—which will enforce what we think is not being done in a correct manner, this sort of a thing will continue. So, to blame entirely the media for showing what is supposed to be the new society, I think, it is pretentious because our old classical cultural society consists of all these items. It is there. So, to say that the Western values are corrupting our classical Indian tradition is extremely pretentious. That is wrong. Our own culture consists elements of all these, I mean, bad qualities, if you like to call them. So, these have to be, firstly, controlled by the parents, by the guardians in the house, who must ensure that these are blocked out. There should be parental control. Ultimately, there has got to be some form of State intervention in the form of a 'media council' which takes those channels to task which consciously flout directives given by the State; which seem to corrupt the moral environment, the kind of basic healthy social environment we are trying to build up. It is a worldwide phenomenon. These are some of the issues we have to look at. Thank you, Sir.

**डा॰ प्रभा ठाकुर** (राजस्थान): उपसभापति जी, आनन्द शर्मा जी ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाया है। मैं सिर्फ इस पर मोटे तौर पर दो-तीन बातें कहना चाहती हूं। मीडिया की भूमिका से किसी को इंकार नहीं है, मीडिया का महत्व और आवश्यकता अपनी जगह जरूरी है, इसलिए उसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि जब कहीं किसी बात में कोई बुराई आती है, तो विधानसभा, लोकसभा के सदन में जो बैठते हैं, उनका दायित्व है कि वे उसकी तरफ ध्यान आकर्षित करें। हम लोग जब भी यहां बोलते हैं, तो जन-भावनाओं के आधार पर बोलते हैं। जब जनता में हम कहीं कोई ऐसी बात देखते हैं, तो हम उसके बारे में यहां बोलते हैं। चाहे हमारे साथी कहें कि संसद और विधानसभा में बैठे लोग थोड़े ही रोल मॉडल होते हैं, मैं यह बात कहना चाहूंगी कि वे कहीं रोल मॉडल ही होते होंगे, तभी जनता उन्हें चुनती है और विधानसभा या लोकसभा में वे जन-प्रतिनिधि के तौर पर बैठते हैं। जनता जिन्हें समर्थन देती है, वे कहीं रोल मॉडल होते होंगे, तभी उन्हें जन-समर्थन मिलता है।

उपसभापति महोदय, मीडिया, जिसे हम चौथा स्तंभ कहते हैं, वह एक मार्गदर्शक है, लेकिन कई बार हम देखते हैं कि न्यूज चैनलों में या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आज होड़ मच गई है कि कहीं इसकी TRP ज्यादा न बढ़ जाए, और कहीं हम पीछे न रह जाएं, क्योंकि आज का युग अर्थ-प्रधान

युग है, इसलिए उसमें यह होड़ मची है। इसमें नुकसान किसका हो रहा है? इसलिए यह जरूरी है कि मीडिया भी इस पर सोचे और सरकार भी सोचे कि जिस तरह से न्यूज का प्रैजेंटेशन हो रहा है, जिस तरह से कई बातों को ग्लोरिफाई करके, ग्लैमराइज़ करके दिखाया जा रहा है, चाहे वे अपराध की बातें हो, चाहे हिंसा की बातें हो, वे किशोरों के मन पर क्या प्रभाव डालती हैं और उस न्यूज़ का, उस जानकारी का क्या महत्व है?

उपसभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहूंगी कि जब कभी पिता-पुत्री, भाई-बहन के रिश्तों पर कीचड़ उछालने वाली कोई न्यूज़ आती है, तो कितनों का शर्म से सिर झुक जाता है, कैसे परिवार उसे देखेगा? उस जानकारी को बार-बार दिखाने से समाज को क्या मिलेगा? इसी तरह हमने यह देखा था कि बलात्कार के मामले में, जब कलकत्ता में अपराधी को फांसी हुई थी, तो उस प्रसंग को बार-बार दिखाने से दो-तीन किशोरों ने फांसी लगा ली। इससे यह प्रमाणित होता है कि इस तरह के प्रसंग किशोरों के मन पर कितना बुरा असर डालते हैं। मैंने इस प्रस्ताव को समर्थन देते हुए इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें यह मंशा नहीं है कि मीडिया पर कोई सेंसरशिप होनी चाहिए या रोक होनी चाहिए। लोकतंत्र में सबको आजादी है, मीडिया को भी आजादी है और यह जरूरी भी है, लेकिन आजादी के नाम पर उल्छृंखलता नहीं होनी चाहिए। लेकिन आजादी के नाम पर उच्छृंखलता नहीं होनी चाहिए। आज आर्थिक युग है, अर्थ की भी जरूरत है, लेकिन किस कीमत पर उस अर्थ की दौड़ में दौड़ा जायेगा? दीपक तले अंधेरा नहीं होना चाहिए। मीडिया के लोग, जो हमें राह दिखाते हैं, जो नेताओं को राह दिखाते हैं, जो समाज को राह दिखाते हैं, जो परिवारों को राह दिखाते हैं, वे अगर खुद दिग्भ्रमित हो जायंगे, गुमराह हो जाएंगे, तो सोसायटी को कौन राह दिखाएगा? इसलिए यह बहुत गंभीर विषय है।

मैं यही कहूंगी कि हमें बड़ा अफसोस होता है जब ऐसे-ऐसे अंडरवर्ल्ड डॉन की जीवनी को इस तरह से दिखाया जाता है, जैसे ये कोई महापुरुष हैं। यह किशोर मन पर क्या असर डालता है? क्या वह मनोवैज्ञानिक रूप से उनको वैसा बनने के लिए प्रेरित नहीं करता? इस तरह की जो बातें हैं, पारिवारिक चित्रों में इस तरह की जो बातें हैं, जो हिंसा, अपराध और इस तरह की मनोवृत्ति को बढ़ावा देती हैं, उनको रोका जाना चाहिए। हम लोग तो मैच्योर्ड लोग हैं, इससे हम पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन जो किशोर मन हैं, जो बालक मन हैं, उन पर इसका विपरीत असर पड़ता है, उसे रोकने के लिए यह जरूरी है कि मीडिया खुद भी न्यूज के नाम पर इस तरह की अश्लील और हिंसक वारदातों को ग्लोरिफाई न करने की कृपा करे। इससे समाज का कोई भला नहीं होने वाला है, इससे समाज को कुछ हासिल नहीं होने वाला है। एक ही न्यूज को बार-बार रिपीट करके दिखाया जाता है, उसके ऊपर कार्यक्रम बनाकर, उसको और interesting तरीके से पेश किया जाता है, यह सब हानिकारक है। मेरा निवेदन है कि मीडिया इस पर विचार करे और सरकार भी किस तरह से इस पर रोक लगा सकती है, यह विचार करे। धन्यवाद।

SHRI S. JAIPAL REDDY: Sir, I am glad to note that we have had instructive, in-depth and extensive debate on the question of possible adverse impact by certain contents on TV channels. Sir, the societal concerns expressed here are broadly shared by us as well, by me, in particular. I must compliment my articulate colleague Shri Anand Sharma for having eloquently expounded those concerns. Across the spectrum in the House, Sir, there were concerns expressed about the possible negative impact. I must also thank Shri Rajeev Shukla and Shri Shatrughan Sinhaji for having sought to moderate the debate. They have tried in their own way to relieve the tedium monotony that is being loaded on one side. Sir, media is a very sensitive subject. You have two competing priorities. On the one hand, the inalienable freedom of the media, on the other hand, concerns about salutary community standards. We need to strike a balance between the two. And, striking a balance between two competing priorities is always an awkward process, and always a continuous thing. Members felt that this problem is there in our country alone; it is not true. These concerns are being expressed in every part of the world, including America. There is a lot of pressure from the US Congress on the FCC in America about the need to exercise some control over TV content. So, it is a classic dilemma and also a universal issue. Sir, in the recent past, we have witnessed the phenomenon of profliferating 24-hour News Channels. This mushroom growth has also crated what I might say gluttonous,

3.00 P.M.

Gargantuan need for news. When no news exists, sometimes, commentary is produced. In the first flush of this mushroom growth, some excesses may occur, but I am sure that this debate will influence those friends who are on the channels. Sir, whenever it comes to media, I am one of those who strongly believe that there is nothing better than self-regulation. It is important for media friends to see that they do not invite the wrath of society. Sir, references were made to the study of VIMHANS. Shri Anand Sharma was good enough to point out that this study is being made. He may be aware the study has not been completed. He has made reference to the need to avoid gory pictures to observe the principle of showing dignity towards the dead. I completely agree with him. We are trying to contact all the friends in this regard. We have had a number of workshops. We have tried to urge the media friends to exercise self-restraint. It has

been mentioned in the course of the debate that technology is exploding. Like king Canutes, we cannot stop the technological waves. While technology is exploding, there are also new methods being invented to see that some of them are filtered. In our country, the filtering instruments have not been developed fully. They have been developed fully only in America, not in other parts of the Western World also. Our society lives in different ways, at different levels. Therefore, we are not ignoring the need for curbing the obscene, undesirable contents altogether. We have censorship for films. Even for music video albums, we have censorship. But censorship can go only up to a point. To say that we should have censorship for TV programmes, would be, in my view, committing an excess from the regulatory angle. Recently, we have given notices to as many as 14 channels. We suspended the uplinking permission of one channel for one month. We gave a warning to one channel, and we are regularly monitoring the content of music channels which are often accused of indulging in what is in French called *'risque'* material. But at the end of the day, Sir, parents also cannot escape responsibility. It has been found through authoritative studies in America and elsewhere, parents are to exercise the control. In the workshop that we held a few months ago, there was agreement that we could go in for watershed system. That means, all material of any borderline variety could be permitted to be telecast after 11.00 p.m. or some such thing. This was agreed to. It has not been implemented yet. References were made to foreign channels. To the best of my knowledge, I don't think foreign channels are particularly guilty of this material. For example, take crime reports. They are produced by Indian channels. We are thinking of going in for downlinking guidelines with a view to bringing the foreign channels also under the regulatory jurisdiction of our laws. As for taxes, I wouldn't be able to make any off-hand comment because that is a matter that relates to the Finance Ministry, and that is now anyhow my job. Through downlinking guidelines, we are trying to see that the level-playing field is created between the channels uplinked from India and channels uplinked from outside. Some references were made to KU Band. Infact, Shri Manoj Bhattacharya has referred to the tie up between Tata and Star. You see, a foreign company cannot have more than 20 per cent equity. A company which has only twenty per cent equity cannot dominate any DTH platform. And, in the case of Tata-Star, we saw to it that all the controls that accrued to Tatas are retained. I don't think he needs to harbour any doubts on this count.

As for the possible misuse of KU Band through Dish Antennae of C-Band, I may clarify here that we have given permission for DTH platforms in general to Zee or Sun TV or Tata-Star and maybe Anil Ambani in the near future only after verifying from the Home Ministry that KU Band does not pose any threat to India's security. In extreme cases, we naturally take action. Indian States cannot remain mute witness and we will not keep hiding, but the Indian State also should not harbour unwarranted degree of insecurity. Friends, suggestions have been made about the need for a regulatory authority. A lot of media friends have opposed the idea of a regulatory authority. I must tell you. Even so, I am trying to proceed with it because I know that Members in both the Houses across the spectrum have expressed themselves in favour of a regulatory authority. But I recognise the need to see that the regulatory authority is credible, is seen to be impartial and is seen to be judicious. Therefore, we would like to have a regulatory authority headed by either a Supreme Court Judge or a retired Supreme Court Judge. It will certainly have the same kind of credibility as the Press Council has. The Press Council may have been accused to some kind of toothlessness, but it has never been accused of any partiality and it shall be my endeavour to see that this regulatory authority will have the same credibility, same reputation or probity as the Press Council has plus some teeth. Since we are going to have a regulatory authority on the lines of FCC and Ascom a bit, I do not think that anybody should harbour doubts. But, however, I welcome this debate. This debate has produced a great consensus in the polity, and I am sure the concerns expressed by this House will not merely produce impact on the Government, but will produce a salutary impact on those who run the channels. My only suggestion to channels would be, 'please regulate yourself, don't let anybody else regulate you'. Thank you.

---

## MESSAGE FROM THE LOK SABHA

### The Bihar Appropriation (Vote on Account) No. 2 Bill, 2005.

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of Lok Sabha:—

"In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of